# लामडिंग दर्पण




## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 6 | अंक 24 | अक्टूबर–दिसम्बर 2015

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

पूर्वोत्तर सीमा रेल में लामडिंग मंडल के लामडिंग–सिलचर तथा सिलचर–अगरतला सेक्शन के आमान परिवर्तन का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। ब्रांच लाइनों के आमान परिवर्तन का कार्य भी तेजी से चलाया जा रहा है। सेक्शन में यात्री सुख–साधन से संबंधित मदों पर काम युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। 21 नवम्बर 2015 को माननीय रेल राज्य मंत्री, श्री मनोज सिन्हा द्वारा सिलचर से गुवाहाटी के लिए प्रथम बी.जी. रेल यात्री गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर सेक्शन में यात्री सेवा का शुभारंभ किया गया। हाल ही में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला तक बी.जी. रेल इंजन चलाया गया। इस सेक्शन में भी यात्री सेवा जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। लामडिंग–सिलचर सेक्शन में यात्री सेवा प्रारंभ होने से एक ओर क्षेत्र की जनता काफी खुश है वहीं गाड़ियों की कमी से निराशा भी है। अतः उनकी इस निराशा को दूर करने के लिए सेक्शन में जल्द से जल्द नई गाड़ियों की वृद्धि करने के लिए लामडिंग मंडल प्रयासरत है।

मंडल के अर्जन में बढ़ोत्तरी लाने तथा हमारे सम्मानित ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के विविध मदों पर विचार–विमर्श करने हेतु मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। मंडल में नए सुधार तथा नवीनीकरण के माध्यम से समय एवं व्यय की वचत का प्रयास लगातार जारी है। न्यू गुवाहाटी डीजल शेड में गैर–कर्षण एचएसडी तेल फिल्टर संयंत्र तथा असेम्बल्ड ट्रक में ह्वील एक्सल बॉक्स एवं ट्रेक्सन मोटर की जांच हेतु फिक्सचर का बनाया जाना और लामडिंग में नए इलैक्ट्रॉनिक प्रणाली का प्रावधान आदि इसके परिचायक हैं।

पिछले छः वर्षों से 'लामडिंग दर्पण' मंडल की गतिविधियों की जानकारी निर्बाध रूप से आप तक पहुँचा रही है। इस सफल प्रयास के लिए पत्रिका प्रकाशन से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को बधाई तथा मंडल के इस गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' के सतत् प्रकाशन की हार्दिक शुभकामनाएं।

मंडल रेल प्रबंधक

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से

भारतीय रेल हमेशा से ही विभिन्न जाति, धर्म, समुदाय तथा भाषा–भाषी लोगों को आपस में जोड़ने का काम करती रही है। रेल अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को आपसी सद्भावना एवं भाईचारा बनाए रखने, उन्हें स्वच्छता, उर्जा संरक्षण, संरक्षा तथा सतर्कता संबंधी मामलों के प्रति जागरूक बनाए रखने के लिए समय–समय पर मंडल में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया जाता है, बैठकें तथा सेमिनार आदि आयोजित किए जाते हैं। पत्रिका प्रकाशन के माध्यम से मंडल की विशेष गतिविधियों की जानकारी रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जाता है। मंडल की इस प्रयास को सफल बनाने में मंडल की गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का योगदान सराहनीय है। पत्रिका को और अधिक आकर्षक तथा रोचक बनाने के आपके सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

### लामडिंग–सिलचर सेक्शन में बी.जी. यात्री रेलगाड़ी का शुभारंभ

लगभग एक वर्ष के अंतराल के बाद दिनांक 21.11.2015 को माननीय रेल मंत्री ने नई दिल्ली से रिमोट द्वारा लामडिंग–सिलचर सेक्शन में पहली यात्री रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर सिलचर से गुवाहाटी के लिए रवाना किया। इस आशय का एक समारोह नई दिल्ली और सिलचर के बीच एक वीडियो लिंक के माध्यम से सिलचर स्टेशन पर आयोजित किया गया।



सिलचर रेलवे स्टेशन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए माननीय केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री, श्री मनोज सिन्हा

समारोह में श्री मनोज सिन्हा, माननीय रेल राज्य मंत्री, श्री सर्वानन्द सोनोवाल, माननीय राज्य मंत्री (प्रभारी) युवा मामले एवं खेल, सुश्री सुस्मिता देब, माननीय सांसद/सिलचर, श्री दिलीप कुमार पाल, माननीय विधायक/सिलचर, श्री गौतम राय, माननीय विधायक/काटलिचेरा, महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर सीमा रेल, मोहम्मद जमशेद, महाप्रबंधक/निर्माण, श्री एच.के.जग्गी एवं मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों सहित मंडल तथा मुख्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



सिलचर से गुवाहाटी के लिए प्रथम बी.जी. यात्री रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखलाते हुए हुए माननीय केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री, श्री मनोज सिन्हा तथा माननीय सांसद, विधायक एवं रेलवे अधिकारीगण।

## महाप्रबंधक का फरकटिंग–लामडिंग सेक्शन में निरीक्षण

14 नवम्बर 2015 को महाप्रबंधक, पू.सी.रेल ने मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग तथा मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ फरकाटिंग से डिमापुर तक फूटप्लेट निरीक्षण एवं डिमापुर से लामडिंग तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय मंडल के कामकाज से काफी हद तक संतुष्ट थे, साथ ही उन्होंने कुछ विसंगतियों की ओर इशारा कर उन्हें सुधारने की बात कही। लामडिंग यार्ड रिमॉडलिंग के काम पर चर्चा की गई और काम की प्रगति को समझने के बाद, उन्होंने मंडल को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काम को आगे बढ़ाने की अनुमति दी।

## राष्ट्रीय एकता दिवस (नेशनल यूनिटी डे)

हमारे राष्ट्रीय नेता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के स्मरणोत्सव में दिनांक 30.10.2015 को 17.00 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस (नेशनल यूनिटी डे) का शपथ लिया गया।




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित एकता दौड़ में शामिल होते हुए मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी।

31 अक्टूबर 2015 को प्रातः 6.30 बजे अधिकारी क्लब, लामडिंग से रेल सुरक्षा बल बैरेक तक एकता दौड़ आयोजित की गई तथा रेल सुरक्षा बल पैरेड मैदान में रेल सुरक्षा बल और रेल सुरक्षा विशेष बल के जवानों द्वारा मार्च पास्ट किया गया।



मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार

## अपर महाप्रबंधक द्वारा लामडिंग–सिलचर सेक्शन का निरीक्षण

दिनांक 15.11.2015 को अपर महाप्रबंधक ने मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों, निर्माण संगठन के अधिकारियों तथा मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग और मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ लामडिंग –बदरपुर–सिलचर सेक्शन के नव–परिवर्तित सेक्शन का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सेक्शन में किए गए संरक्षा के सभी उपाय और कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए यात्री रेलगाड़ी की शुरुआत करने से ठीक पहले किया गया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन

दिनांक 26.10.2015 से 31.10.2015 तक आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान दिनांक 26.10.2015 को 12.00 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई। मंडल के सभी स्टेशनों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पोस्टर और बैनर प्रदर्शित किए गए। 29.10.2015 को मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल के सभी अधिकारियों के साथ सतर्कता जागरूकता के विभिन्न मुद्दों पर विचार मंथन का आयोजन किया गया।




मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल के सभी अधिकारियों के साथ सतर्कता जागरूकता के विभिन्न मुद्दों पर विचार मंथन का एक दृश्य।

## पेंशन अदालत, 2015

15 दिसम्बर 2015 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लामडिंग के सभाकक्ष में अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री संजय नैय्यर की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत में सभी 46 मदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से अंतिम रूप दे दिया गया।



15 दिसम्बर 2015 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लामडिंग के सभाकक्ष में पेंशन अदालत के आयोजन का एक दृश्य।

## कार्मिक कल्याण

मंडल में अक्टूबर–दिसम्बर 2015 की अवधि में अनुकंपा के आधार पर समूह 'घ' में 51 तथा समूह 'ग' में 11 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।

इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर सेवानिवृत्ति के 106 मामलों का निपटान किया गया।

11 नवम्बर 2015 को दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले कुल 178 विद्यार्थियों को ₹ 15,000/- प्रति विद्यार्थी की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

## डीजल लोको शेड/न्यू गुवाहाटी का स्थापना दिवस समारोह

11 और 12 दिसम्बर, 2015 को लामडिंग मंडल के न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड में दो दिवसीय अखिल भारतीय डीजल लोको संगोष्ठी का आयोजन कर इसका 54वां स्थापना दिवस मनाया गया। संभवतः भारतीय रेल में इस प्रकार की यह पहली संगोष्ठी है जिसमें भारतीय रेल के विभिन्न डीजल लोको शेडों और कारखानों के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने तकनीकी चर्चा में भाग लिया हो। इस वर्ष 27 शेडों और कारखानों से कुल 52 प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी में भाग लेकर इसे सफल बनाया। जीओसी (त्रिची), केजेएम (बैंगलोर), केवाईएन (मुंबई), वीटीए (अहमदावाद) और टीकेडी (दिल्ली) ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। इन दो दिनों की तकनीकी चर्चा में विशेषकर विफलता से संबंधित मदों और डीजल लोको रखरखाव में तकनीकी प्रगति के क्षेत्र पर विचार-विमर्श किया गया।



लामडिंग मंडल के न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड में अखिल भारतीय डीजल लोको संगोष्ठी के आयोजन का एक दृश्य।

## प्रणाली में सुधार/नवीनीकरण

### गैर-कर्षण एचएसडी तेल फिल्टर संयंत्र

पहले न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड में उपकरणों और वाहनों (जैसे कांटा भारोत्तोलक, ट्रक, आदि) के लिए पांडु से आपूर्ति किया जानेवाला गैर कर्षण डीजल तेल वाहनों में सीधे भरा जाता था जिससे इनमें ईंधन पंप परेशानी, चालू करने की परेशानी और लगातार ईंधन फिल्टर बदलने की परेशानी होती रहती थी। इस नए प्रणाली के उपयोग से अब परिस्कृत डीजल तेल न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड के वाहनों में भरा जाता है। जिससे ईंधन पंप परेशानी कम होती है साथ ही ईंधन फिल्टर भी अधिक टिकाऊ होता है। इससे समय से पूर्व वाहनों की मरम्मत करवाने की आवश्यकता से भी बचा जा रहा है और इन पर होने वाली व्यय की भी वचत हो रही है।




गैर-कर्षण एचएसडी तेल फिल्टर संयंत्र का एक दृश्य।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का पालन

लामडिंग, बदरपुर, सिलचर, करीमगंज, चापरमुख, डिमापुर, दीफु, जागीरोड, नगांव, होजाई, धर्मनगर, अगरतला और सरूपथार में विभिन्न कार्यक्रम यथा पोस्टर, बैनर, लिफलेट का वितरण एवं सड़क पर जागरूकता अभियान चलाकर 14 दिसम्बर से 20 दिसम्बर, 2015 तक लामडिंग मंडल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का पालन किया गया। 14 दिसम्बर 2015 को अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग द्वारा डीईएलपी योजना के तहत कर्मचारियों के बीच एलईडी बल्ब का वितरण कर इसका शुभारंभ किया गया ।



एलईडी बल्ब दिखलाते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री संजय नैय्यर।

## मंडल का अर्जन

अक्टूबर-दिसम्बर 2015 के दौरान यात्री अर्जन से कुल ₹126.99 करोड़, माल अर्जन से कुल ₹39.13 करोड़, अन्य कोचिंग अर्जन से ₹ 18.07 करोड़ तथा इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध अर्जन से कुल ₹ 5.27 करोड़ की प्राप्ति हुई।

## लामडिंग में नए इलैक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का प्रावधान

18 नवम्बर 2015 को लामडिंग में पुरानी आरआरआई प्रणाली को नए इलैक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। गाड़ी संचालन के लिए अधिक से अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए यार्ड में बड़ा पुनर्निर्माण भी किया गया। अलग रिले रुम, बैटरी कक्ष और डेटा लॉगर के साथ एक नए भवन में ईआई का शुभारंभ किया गया। चेंज ओवर की प्रक्रिया के दौरान किसी भी गाड़ी को विलंबित न करते हुए एक रिकार्ड समय में लामडिंग मंडल के अधिकारियों की टीम ने यह काम पूरा किया।



इलैक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) कार्य का निरीक्षण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल के इंजीनियरी एवं सिगनल व दूरसंचार विभाग के शाखा अधिकारी।

## स्वच्छ भारत मिशन – राष्ट्रीय सफाई अभियान

''स्वच्छ भारत अभियान'' के तहत गुवाहाटी, कामाख्या, लामडिंग सहित मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों और कालोनियों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान साफ-सफाई पर प्रतीकात्मक व्यापक ड्राइव के साथ सफाई बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण भी करवाया जा रहा है। साथ ही विभिन्न बैठक आदि आयोजित कर साफ-सफाई के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है।

## सेफ्टी ऑडिट

मुख्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों द्वारा लामडिंग मंडल का द्वि–मासिक सेफ्टी ऑडिट दिनांक 22.12.2015 को संपन्न हुआ। ऑडिट टीम में मुख्य संरक्षा अधिकारी, मुख्य ब्रिज इंजीनियर, सीटीपीएम, मुख्य बिजली इंजीनियर/योजना एवं मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ओ एवं एफ मौजूद थे। ऑडिट टीम ने मंडल के लामडिंग–बदरपुर सेक्शन में न्यू हाफलांग, जातिंगा लामपुर तथा न्यू हारंगाजाओ स्टेशनों का सेफ्टी ऑडिट किया।



न्यू हारंगाजाओ स्टेशन में सेफ्टी ऑडिट करते हुए अधिकारीगण

## अंतर मंडल संगीत, नृत्य और नाटक प्रतियोगिता

18 दिसम्बर 2015 को रेलवे इंस्टीट्यूट, लामडिंग में अंतर मंडल संगीत, नृत्य और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगीत और नृत्य प्रतियोगिता में कर्मचारियों और उनके आश्रितों द्वारा बड़े पैमाने पर सहभागिता किया गया। इनमें से प्रत्येक कोटि में प्रथम दो को भविष्य में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता में आज के युग में वयोवृद्ध लोगों पर हो रहे पारिवारिक अत्याचार से संबंधित नाटक 'संसार' का मंचन किया गया जिसे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ नाटक घोषित किया गया। उपस्थित दर्शक मंडली ने इसकी सराहना की।




रेलवे इंस्टीट्यूट, लामडिंग में आयोजित अंतर मंडल संगीत, नृत्य और नाटक प्रतियोगिता में एकांकी नाटक 'संसार' के मंचन का दृश्य (बाएं) तथा एकल सांस्कृतिक नृत्य के प्रदर्शन का दृश्य (दाएं)।

## गुवाहाटी में रिवर्स ऑस्मोसिस संयंत्र का शुभारंभ

28 दिसम्बर 2015 को 2000 लीटर प्रति घंटा क्षमता के आरओ संयंत्र का शुभारंभ किया गया। अब गुवाहाटी स्टेशन के सभी पानी के नलों में आरओ पानी की आपूर्ति की जा रही है।

## बाबा साहेब के 59वाँ महापरिनिर्वाण दिवस का पालन

7 दिसम्बर 2015 को मंडल मुख्यालय, लामडिंग के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन के सामने डॉ.बी.आर.अम्बेडकर के 59वें महापरिनिर्वाण दिवस का पालन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग, श्री नीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों सहित हमारे संगठित यूनियनों तथा अनुसूचित जाति एवं जन जाति संगठन के प्रतिनिधियों ने भी इस महान नेता को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 59वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार तथा मंडल के अधिकारी/कर्मचारीगण।

## मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक

11 दिसम्बर 2015 को लामडिंग मंडल की 21वीं रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के साथ कुल छिहत्तर मदों पर विस्तार से चर्चा की गई।



11 दिसम्बर 2015 को आयोजित 21वें मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का एक दृश्य।

## 'कौमी एकता सप्ताह' का पालन

मंडल में 19 नवम्बर से 25 नवम्बर 2015 तक कौमी एकता सप्ताह का पालन किया गया। कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर 19 नवम्बर 2015 को 11.00 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता की शपथ ली गई।

संरक्षक
नीरज कुमार
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
संजय नैय्यर
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
एस. कनौजिया
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय
आर.के.कोईरी
राजभाषा अधिकारी